मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-126
09/04/2022

मुख्यमंत्री ने महान् सम्राट अशोक की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया

- **मुख्यमंत्री ने की घोषणा– महान् सम्राट अशोक की जयंती राजकीय समारोह के रुप में मनायी जाएगी।**

पटना, 09 अप्रैल 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज महान् सम्राट अशोक की जयंती के अवसर पर सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र परिसर में स्थापित महान् सम्राट अशोक की सांकेतिक मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि महान् सम्राट अशोक की जयंती राजकीय समारोह के रुप में मनायी जाएगी।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार कुमार झा ने भी माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव सह आयुक्त पटना प्रमंडल श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मानवजीत सिंह ढिल्लो सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के पश्चात पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्राट अशोक की जन्मतिथि का हमने पता लगवाया। सम्राट अशोक के जन्मदिवस पर काफी विवाद था। हमने एक्सपर्ट को बुलाकर जयंती मनाने का दिन तय किया। विचार–विमर्श के पश्चात् चैत में अष्टमी के दिन सम्राट अशोक की जयंती मनाने का दिन तय हुआ। इस दिन सरकारी स्तर पर एक दिन के अवकाश का प्रावधान पूर्व में ही कर दिया गया था। अब आगे से इस दिवस को राजकीय समारोह के रूप में मनाया जायेगा। आपलोगों को मालूम है कि इस कन्वेंशन केन्द्र का नामकरण हमने सम्राट अशोक के नाम पर किया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी पहले से कोई तस्वीर नहीं थी। एक्सपर्ट लोगों से विचार–विमर्श कर उनकी सांकेतिक मूर्ति का निर्माण कराया गया। यहां हम हर बार आकर इनकी जयंती पर माल्यार्पण करते रहे हैं। अब आगे से इस दिवस को भी हमेशा के लिए राजकीय समारोह के रुप में शामिल कर दिया जाएगा।

बिहार विधान परिषद् के चुनाव नतीजे पर पत्रकारों द्वारा पूछे गये प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एम0एल0सी0 चुनाव में इस चुनाव में आम जनता वोटिंग नहीं करती है। इसमें लिमिटेड लोग वोट करते हैं। कुछ जगहों पर तो हमलोगों को आश्चर्य हुआ कि उम्मीदवार कह रहे थे कि हम पक्का जीत रहे हैं लेकिन रिजल्ट दूसरा हुआ। इसका तो रुप ही अलग होता है। इसमें कौन कितना जीतेगा इसके बारे में कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। जो भी उम्मीदवार जीतकर आए हैं उन सबलोगों को मेरी तरफ से बधाई है।

बोचहां उपचुनाव पर पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बोचहां उपचुनाव के प्रचार में जायेंगे और मुझे लगता है कि एन0डी0ए0 उम्मीदवार की जीत होगी।

******